**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर।**

| क्र0सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद की ग्राम सभा-अकोइया के ग्राम-अकोइया में डामर रोड से सुन्दर के खेत तक की दूरी जो लगभग 700 मी0 है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में तथा पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे लोगों का आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद की ग्राम सभा-अकोइया के ग्राम-अकोइया में डामर रोड से सुन्दर के खेत तक की दूरी लगभग 700 मी0 है, जो कि कच्चा है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इण्टरलॉकिंग तथा नाली का निर्माण करायेंगे? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण उक्त कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हां, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

( केशव प्रसाद मौर्य )

उप मुख्यमंत्री,

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।